प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, ग्राम पंचायत-सींगन खेडा, सैदनगर, रामपुर

ग्राम पंचायत सींगनखेड़ा जनपद रामपुर में प्लास्टिक बेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट में जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मियों एवं आरआर सी केन्द्रों पर तैनात केयरटेकर के माध्यम से विकास खण्डों द्वारा इस प्लांट पर 56 टन सिंगल यूज पॉलिथीन/प्लास्टिक भेजी गयी है । जिसके सापेक्ष 15 टन पॉलिथीन/प्लास्टिक को निस्तारित करते हुए 04 टन मेटेरियल गुल्ला/दाना मेकिंग कंपनी को एवं 11 टन एग्लोमरेटड मेटेरियल की आपूर्ति प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण हेतु सम्बन्धित ठेकेदारो को की जा चुकी है। जिसका उपयोग 15 कि०मी० सड़क निर्माण में किया है। इस कार्य से प्राप्त हुई 03 लाख 79 हजार की धनराशि ओ0एस0आर0 खाते में जमा करायी गई है।